दिनांक 12.07.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ अमृत मिशन द्वितीय चरण जल प्रदाय योजना अंतर्गत निगम क्षेत्र के वार्डों में किये जाने वाले जल प्रदाय के लिए बनने वाले उच्च स्तरीय पानी टंकी निर्माण का भूमि पुजन छ0ग0 शासन के केबिनेट मंत्री श्रीमती रमशीला साहू एवं महापौर देवेन्द्र यादव के हाथों सम्पन्न हुआ। निगम भिलाई क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को बेहतर बनाने केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत अमृत मिशन फेस–02 के तहत् फिल्टर प्लांट से घरों में जलापूर्ति किये जाने हेतु जलागार का निर्माण निगम द्वारा किया जा रहा है। मंत्री श्रीमती रमशीला साहू, महापौर देवेन्द्र यादव, लोक निर्माण प्रभारी नीरज पाल, जोन अध्यक्ष भुपेश ठाकुर, वार्ड पार्षद राजेन्द्र रजक, राजू मण्डावी की उपस्थिति में रुंआबांधा एवं टंकी मरोदा में निर्माण होने वाले उच्चस्तरीय पानी टंकी का भूमि पुजन किया गया। इस अवसर पर श्रीमती साहू ने कहा कि ऐसे वार्ड जहां अभी तक पेयजल के लिए नागरिकों को काफी तकलीफ उठाना पड़ता था उन वार्डों में अब केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत अमृत मिशन योजना के तहत् पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है उक्त टंकी के पूर्ण होते ही वार्ड के सभी घरों में पेयजल की आपूर्ति किया जायेगा। महापौर देवेन्द्र यादव ने कहा कि रुंआबांधा एवं टंकी मरोदा में उच्चस्तरीय पानी टंकी के निर्माण हो जाने से दोनों वार्ड के लगभग 34 हजार लोगों को इसका लाभ मिलेगा। टंकी का निर्माण फरवरी 2019 तक पुरा किया जाना है जिसमें 70 किलोमीटर तक पाईप लाईन का जाल बिछाकर वार्ड के घरों में पीने का पानी पहुंचाया जायेंगा।

कार्यक्रम में महापौर परिषद् के सदस्य केशव बंछोर, नरेश कोठारी, पार्षद चुम्मन देशमुख, चन्द्रभान सिंग ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, एल्डरमेन श्रीमती रीना नैय्यर, राजीव पाण्डेय, पूर्व पार्षद गफ्फार खान, सुनील साहू, शैलेन्द्र शेण्डे, गोविन्द लाल जंघेल, नवीन सिन्हा, रामनगीना यादव, श्रीमती जमुना, संतोषी, मंगतिन, सहित अधीक्षण अभियंता सत्येन्द्र सिंह, सुनील जैन, बृजेश श्रीवास्तव, जोन आयुक्त संजय बागड़े, एम.पी. देवांगन, गोपाल सिन्हा, उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी